पंजाब में स्कूलों में आधारभूत सुविधाओं की कमी होना

2161. **श्री इकबाल सिंह:** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पंजाब में "आपरेशन ब्लैकबोर्ड" योजना के अन्तर्गत कितने प्राथमिक स्कूलों में आधारभूत सुविधायें उपलब्ध करायी गयी हैं; और

(ख) राज्य के इस प्रकार की सुविधाओं की कमी वाले प्राथमिक, स्कूलों में शिक्षा की सभी आधारभूत सुविधायें उपलब्ध कराने हेतु सरकार द्वारा अब तक क्या आवश्यक कार्यवाही की गयी है?

मानव संसाधन विकास मंत्रलय में शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री (श्री मुही राम सैकिया): (क) और (ख) पंजाब के सभी पात्र सरकारी प्राथमिक स्कूलों को आपरेशन ब्लैकबोर्ड योजना के अन्तर्गत शामिल कर लिया गया है। पंजाब में इन स्कूलों की संख्या 12,925 है।

यह योजना प्राथमिक स्कूलों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार के प्रयासों को बढ़ावा देती है।

चमोली के राजकीय डिग्री कालेज में प्रवक्ताओं की कमी होना

2162. **श्री मनोहर कान्त ध्यानी:** क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि जिला चमोली के मुख्यालय गोपेश्वर में स्थित राजकीय डिग्री कालेज में लंबे समय से प्रवक्ताओं की भारी कमी बनी हुई है;

(ख) यदि हां, तो वर्तमान में इनकी संख्या सहित ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार प्रवक्ताओं की भारी कमी में सुधार करने के लिए शीघ्र कोई कार्यवाही कर रही है; और

(घ) यदि हां, तो कब तक; और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री (श्री मुही राम सैकिया): (क) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

Navodaya Vidyalayas in Kashmir

2163. SHRI SHARIEF-UD-DIN SHARIQ: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether the number of students in Navodaya Vidyalayas in Kashmir Valley has decreased during the past seven years; if so, the reasons and percentage thereof;

(b) the number of students who after passing class Xth in Navodaya Vidyalayas of Kashmir Valley were admitted in Class XIth and the number of students who passed class XIIth in such Vidyalayas;

(c) the number of Navodaya Vidyalayas which have been upgraded as 10 + 2 institutions in Kashmir Valley in the last five years, if none, the reasons therefor; and

(d) whether Government propose to consider upgrading of six JNV's in the Kashmir Valley to 10 + 2 standard in the year 1997?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF EDUCATION IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI MUHI RAM SAIKIA): (a) No, Sir.

(b) From 1992-93 onwards 83 students got admission in Class XI after passing Class X, out of which 62 students passed Class XII.

(c) Three Jawahar Navodaya Vidyalayas *viz.* Baramulla, Kupwara & Pulwama were upgraded to + 2 stage during 1991-92 to 1993-94.

(d) The upgradation of Jawahar Navodaya Vidyalayas to + 2 level is taken up by the Navodaya Vidyalayas Samiti depending upon the availability of required student and staff strength and necessary infrastructure.